QP CODE: 22101530

22101530

Reg No : .....

Name : .....

UNDER GRADUATE (CBCS) IMPROVEMENT / REAPPEARANCE EXAMINATIONS, MAY 2022

Fourth Semester

Common Course II - HN4CCT01 - HINDI-DRAMA AND LONG POEM

(Common for all Model I B.A/B.Sc Programmes)

2017 Admission Onwards

E911F4E1

Time: 3 Hours Max. Marks : 80

Part A

*किन्ही **दस** प्रश्नों के उत्तर लिखिए*

1. उड़ीसा में स्थित कलापूर्ण मंदिर के साक्षी रूप कौन-कौन से हैं?
2. कोणार्क' मंदिर में किस भगवान की मूर्ति है? कितने लोगों ने इसके निर्माण केलिए प्रयत्न किया?
3. सारिका नगर में हाट के दिन क्या-क्या बेचने जाती थी?
4. महादण्डपाशिक कौन है? उन्होंने शिल्पियों को कौन-सी आज्ञा दी थी?
5. धर्मपद की माता का नाम क्या है? माता ने धर्मपद को कौन-सा उपहार दिया था?
6. विशु ने कोणार्क की मूर्ती पर किन-किन आभूषणों को अंकित किया था?
7. 'अपने घर की तलाश में' नामक रचना किसकी है? इस रचनाकार की कौन-सी रचना को आप के पाठ्यक्रम में शामिल किया है?
8. 'ऐसा वर मत चुनना मेरी खातिर' यहाँ पुत्री अपने पिता से किस प्रकार के वर की बात करती है?
9. पूरी दुनिया किस प्रकार की असफल कोशिश में लगी हुई थी?
10. जवाहर टनल में फँसे लोग अपनी कमीज़ के अंदर क्या-क्या छिपा लाये थे?
11. पानी का स्वाद' किसकी रचना है ? उनकी कौनसी रचना पाढ्य सामग्री में संग्रहित है?
12. ससुराल से आई लड़कियाँ रहती थी प्रतीक्षा मैं कुछ सोते कुछ जागते '-यह किस कविता का भाग है? और उसका लेखक कौन है?

(10×2=20)

Part B

*किन्ही **छः** प्रश्नों के उत्तर लिखिए*

13. "हाथों में मंजीर देखते हो ?मंजीर बजाने की भंगिमा यदि नहीं हो तो वह नाट्याचार्य की मूर्ति क्योंकर लगेगी ?

और यदि मंजीर बजाना है तो सुवर्ण-श्रृंखला कलाईयों में कैसे ठहर सकती है !" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

14. 'झुरमुट की ओट में चहकनेवाले पक्षी का स्वर सर्वदा हर्षगान ही नहीं होता। आपको क्या मालूम कि उस जय-जयकार के पीछे हाहाकार चुपचाप सिसक रहा था?" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

15. 'अरे प्रतिमा के गले में यह कैसे पहुंचा? किन्तु-किन्तु यह तो पत्थर पर अंकित है।.... यह कैसी मरीचिका!.... वही, ठीक वैसा ही अंकन, वही बिलकुल वही, कामदेव की आकृति! नाट्याचार्य, यह कैसी पहेली?" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

16. 'चुप रहो! मैं तुम जैसे लोगों को राह पर लाने की युक्ति भलीभांति जानता हूँ। विशु, बरसों से बिन-माँगी प्रशंसा सुनते-सुनते तुम अपने को दण्डविधान से परे समझने लगे हो। आज मैं तुम्हारे इस घमंड को चूर करने ही आया हूँ।....."a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

17. 'मैं चाहता हूँ यदि शिखर पूरा हो जाए, तो एक दिन के लिए सिर्फ एक दिन के लिए मंदिर-प्रतिष्ठापन के दिन आप अपने सब अधिकार मुझे दे दें।" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

18. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। और उसके हाथ में मत देना मेरा हाथ /जिसके हाथों ने कभी कोई पेड़ नहीं लगाया /फसलें नहीं उगाई जिन हाथों ने

19. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। कहते हैं जब शहंशाह सो थे, तब/ सोने से पहले उनका निर्देश था कि / यदि दुनिया ठीक वैसी ही चलती रहे, जैसा / उन्होंने उसे चलने के लिए छोड़ दिया है / और हवाऐं ठीक वैसे ही पूर्व से पश्चिम की ओर, बहती रहें / तब उन्हें नींद से न जगाया जाय।

20. विस्थापन देश विभाजन के बाद की सबसे बड़ी मानवीय हादसा है-पठित कविता के सन्दर्भों में व्यक्त कीजिए।

21. स्कूल के दिन होंगे ऑरों के, यहाँ तो ढाबा और स्कूल के बीच गुज़र गए दिन-सप्रसंग व्याख्या लिखिए?

(6×5=30)

Part C

*किन्ही **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए*

22. कोणार्क' की कथावस्तु का साराँश लिखिए।

23. रंगमंचीयता की दृष्टि से कोणार्क नाटक की आलोचना तैयार करे।

24. अग्निशेखर की कविता आतंक का जीवंत अनुभव है और खून के धब्बे का भित्तिचित्र है-अपना मत प्रकट कीजिए।

25. श्रम ही जीवन का आधार है- ढाबा कविता के संदर्भ में इस कथन की आलोचना लिखिए।

(2×15=30)